संख्याः 2—223/2019—हि०प्र०वि०वि०(सा०)
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
**(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)**
"सामान्य प्रशासन शाखा"

.....

प्रेषित,

1. आचार्य सिकन्दर कुमार, माननीय कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला—5
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं सचिव (वित्त), हि०प्र० सरकार, शिमला—2
3. प्रधान सचिव (शिक्षा), हि०प्र० सरकार, शिमला—2
4. शिक्षा निदेशक, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला—1
5. आचार्य (श्रीमती) रंजना भान, अधिष्ठाता शिक्षा संकाय हि०प्र०वि०, शिमला—5
6. आचार्य आशु कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता दन्त—विज्ञान संकाय, आई.जी.एम.सी. शिमला—1
7. श्री आशिथ कुमार मिश्रा, प्राचार्य, राज० महाविद्यालय देहरी, जिला कांगडा, हि०प्र०
8. श्री राकेश कुमार, माननीय विधायक, विधान सभा, सुन्दरनगर निर्वाचन क्षेत्र, गॉव पुंघ, डा० व तह० सुन्दरनगर जिला, मण्डी हि०प्र०।
9. आचार्य एस.एस. कंवर, जैव—प्रौद्योगिकी विभाग, हि०प्र०वि०, शिमला—5
10. श्री सुभाष ठाकुर, माननीय विधायक, विधान सभा, बिलासपुर सदर निर्वाचन क्षेत्र, मकान नं.23/4, सैक्टर—2, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (हि०प्र०)
11. श्री प्रेम राज, अनुभाग अधिकारी, मूल्यांकन शाखा, हि.प्र.वि.शिमला—5
12. आचार्य एन.के. शारदा, मंगलयान कंगनाधार, फेज-III, शिमला—9
13. आचार्य वी.पी. शर्मा, वशिष्ट भवन, बीलो पुलिस पोस्ट समरहिल, शिमला—5
14. श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, सह—आचार्य, पत्रकारिता विभाग, इक्डोल, हि०प्र०वि०, शिमला—5

दिनांकः शिमला—5, 14 JAN 2020

**विषयः— कार्यकारिणी परिषद की वर्ष 2019 की पांचवी नियमित बैठक की कार्यवाही।**

महोदय/महोदया,

कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2019 की पांचवी नियमित बैठक जो दिनांक 23 दिसम्बर, 2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न हुई, की कार्यवाही आपके अवलोकनार्थ एवं पुष्टिकरण हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

**कुलसचिव**
**सदस्य—सचिव**

पृष्ठांकन संख्याः सम । दिनांकः 14 JAN 2020

प्रतिलिपि कार्यवाही की प्रति सहित सूचनार्थ प्रेषित हैः—

1— प्रधान सचिव कुलाधिपति महोदय एवं माननीय राज्यपाल, हि०प्र० राज भवन, शिमला ।
2— अधिष्ठाता अध्ययन/छात्र कल्याण/निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र/वित्त अधिकारी /परीक्षा नियन्त्रक, हि०प्र०वि०, शिमला—5
3— समस्त संकायों के अधिष्ठाता/समस्त अध्ययन विभागों के विभागाध्यक्ष, हि०प्र०वि०, शिमला—5
4— संयुक्त परीक्षक, स्थानीय लेखा विभाग/सहायक कुलसचिव (स्था०), हि०प्र०वि०, शिमला—5
5— प्राचार्य, हि०प्र०वि० सांध्यकालीन अध्ययन केन्द्र, शिमला —1
6— प्रभारी, हि०प्र०वि० वैब—साईट, हि०प्र०वि०, शिमला —5 को उपरोक्त कार्यवाही को विश्वविद्यालय वैब—साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
7— उप कुलसचिव(कुलपति कार्या०)/अनुभाग अधिकारी(कुलसचिव कार्या०), हि०प्र०वि०, शिमला—5
8— सचिव कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला—5
9— रक्षक मिसिल ।

**कुलसचिव**

**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय**
**ज्ञान–पथ, समरहिल, शिमला–171 005**
**'सामान्य प्रशासन शाखा'**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2019 की पांचवी नियमित बैठक की कार्यवाही जो दिनांक **23 दिसम्बर, 2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** आचार्य सिकन्दर कुमार, कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. आचार्य वी0 पी0 शर्मा, नामिति कुलाधिपति
2. आचार्य एन0 के0 शारदा, नामिति कुलाधिपति
3. आचार्य एस0 एस0 कंवर, जैव–प्रौद्योगिकी विभाग
4. आचार्य आशु कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता दन्त–विज्ञान संकाय
5. आचार्य (श्रीमती) रंजना भान, अधिष्ठाता शिक्षा संकाय
6. श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, सह–आचार्य
7. श्री प्रेम राज, प्रतिनिधि गैर–शिक्षक कर्मचारी
8. अवर सचिव, नामिती, अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं सचिव (वित्त), हि0प्र0
9. उप सचिव (शिक्षा), नामिति प्रधान सचिव (शिक्षा)
10. श्री घनश्याम चन्द (हि0प्र0से0) कुलसचिव **सदस्य–सचिव**

**मद संख्या–1: कुलपति महोदय का वक्तव्य।**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2019 की पांचवी नियमित बैठक में कुलपति महोदय ने सभी सम्माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

कुलपति महोदय ने पूर्व में कार्यकारिणी परिषद् के सदस्य रहे आचार्य श्याम लाल कौशल, अधिष्ठाता वाणिज्य एवं प्रबन्धन संकाय का महत्वपूर्ण विषयों में निर्णय लेने में उनके द्वारा सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया तथा नवनियुक्त सदस्या, आचार्य रंजना भान, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय का कार्यकारीणी परिषद् के सदस्य के रूप में स्वागत किया।

तदोपरान्त कुलपति महोदय ने परिषद् को अवगत करवाया कि विगत अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम, बैठकें, संगोष्ठियां और कार्यशालाऐं आयोजित की गईः–

1. दिनांक 23 नवम्बर, 2019 को कार्यकारिणी परिषद् की बैठक की अध्यक्षता की।

2. दिनांक 26 नवम्बर, 2019 को विश्वविद्यालय समिति कक्ष में संविधान दिवस की अध्यक्षता की।

3. दिनांक 29 नवम्बर, 2019 को विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह परिसर में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि माननीय केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मन्त्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' जी रहे। समारोह की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने की। दीक्षांत समारोह के अति विशिष्ट अतिथि हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमन्त्री, श्री जय राम ठाकुर रहे तथा विशिष्ट अतिथि माननीय केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट राज्य मन्त्री, श्री अनुराग ठाकुर व माननीय शिक्षा मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, श्री सुरेश भारद्वाज रहे। इस दीक्षांत समारोह के दौरान शैक्षणिक सत्र 2017–18 के स्वर्ण पदक तथा दो सत्रों वर्ष 2017 व 2018 की विद्यावाचस्पति उपाधियां तथा एक डी.लिट की उपाधि वितरित की गई। उक्त समारोह में कुल 124 स्वर्ण पदक तथा 323 छात्र–छात्राओं को पी.एचडी. उपाधि प्रदान की गई।

4. दिनांक 6 दिसम्बर, 2019 को होशियारपुर पंजाब में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

5. दिनांक 10 दिसम्बर, 2019 को अन्तर्विषयक विभाग आई.आई.एच.एस. के सभी प्राध्यापकों से बैठक की।

6. दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 को विश्वविद्यालय की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

7. दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 को गेयटी थियेटर में 'भारत की परिकल्पनाः नशामुक्त, संस्कार युक्त युवा' विषय पर एक संगोष्ठी में भाग लिया।

8. दिनांक 16 दिसम्बर, 2019 को समिति कक्ष में एन.आई.आर.एफ. डाटा से सम्बन्धित सभी विभागों के नैक (NAAC) समन्वयकों के साथ बैठक की।

9. दिनांक 18 दिसम्बर, 2019 को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के परिसर, बैगलूरू में राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में भाग लिया।

10. दिनांक 20 दिसम्बर, 2019 को हिमाचल प्रदेश राज्य उच्च परिषद् की बैठक में भाग लिया।

11. दिनांक 20 दिसम्बर, 2019 को हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की शासकीय परिषद् की बैठक में भाग लिया।

तदोपरान्त उन्होने विश्वविद्यालय के कुलसचिव से आग्रह किया कि आज के लिए प्रस्तावित मदों को परिषद् के सम्मुख चर्चा एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत करें।

**मद सं0–2: कार्यकारिणी परिशद् की पिछली बैठक दिनांक 23–11–2019 में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण।**

कार्यकारिणी परिषद् ने पिछली बैठक दिनांक 23.11.2019 में लिए गए निर्णयों का निम्न टिप्पणी एवं संशोधन के साथ पुष्टिकरण कियाः–

(मद संख्याः3) कार्यकारिणी परिषद् ने श्री रणजीत सिंह, चालक हल्का वाहन के अभ्यावेदन के अनुरूप उनकी सेवाओं की नियमितिकरण की तिथि को ढाई माह पूर्व नियतन (Prepone) करने का निर्णय लिया तथा श्री रणजीत सिंह के पक्ष में नई अंशदाय पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना के अंर्तगत सेवाएं विनियमित करने को भी अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0–3 कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठक दिनांक 23–11–2019 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।**

कार्यकारिणी परिषद् ने पिछली बैठक दिनांक 25.09.2018 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को नोट कर अनुमोदित किया।

**मद सं0 4: माननीय कुलपति महोदय द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 12-C(7) के अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए लिए गए निर्णय के संदर्भ में कृत कार्रवाई कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ / पुष्टिकरण हेतु प्रस्तुत है।**

कुलपति महोदय ने उपरोक्त निहित शक्तियों के अंतर्गत कोई कार्रवाई नहीं की है।

**मद सं0 5: कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से यदि कोई मद प्राप्त हुई है के बारे में।**

कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कोई मद प्राप्त नहीं हुई है।

**मद सं0: 6 To place before the Executive Council the matter regarding accepting the resignation tendered by Dr.(Mrs.) Bhawana Bhardwaj, Assistant Professor, H. P. University Business School, Shimla from the services of the University w.e.f. 14-12-2019 (AN) by condoning the shortfall in requisite notice period subject to approval/confirmation by the Executive Council.**

कार्यकारिणी परिषद् ने डॉ (श्रीमती) भावना भारद्वाज, सहायक आचार्य, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय बिजनेस स्कूल, शिमला के पक्ष में दिनांक 14.12.2019 अपराहन् से विश्वविद्यालय की सेवाओं से त्यागपत्र हेतु आवश्यक पूर्व सूचना अवधि को माफ करते हुए कुलपति द्वारा प्रदान की गई स्वीकृति को अपनी कार्योतर स्वीकृति प्रदान की

**मद सं0: 7** **Department of Interdisciplinary Studies,** एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में वर्तमान में सेवाएं दे रहे शिक्षकों के पदनाम संबंधी मामले को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत करने के संदर्भ में। **Deferred item No.15 of the meeting of Executive Council dated 23-11-2019.**

कार्यकारिणी परिषद् ने कुलपति द्वारा मामले के परीक्षण हेतु गठित समिति की संस्तुति को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष पूर्ण सूचना एवं सम्बन्धित संकायों की

अनुशंसा के अनुरूप प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**मद सं0: 8 हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वर्ष 2015–2016 के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अधिनियम, 1970 (संशोधित) की धारा–29 के प्रावधानों के अनुरूप हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद की बैठक के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

कार्यकारिणी परिषद् ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2015–16 को स्वीकृति प्रदान कर विश्वविद्यालय कोर्ट के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने की संस्तुति दी। हालांकि कार्यकारिणी परिषद् ने यह भी सुझाव दिया कि वर्ष 2016–17, 2017–18 तथा 2018–19 के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवदेन शीघ्रातिशीघ्र तैयार कर परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं।

**मद सं0 9: कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विभिन्न विषयों में जीवनवृत उन्नति योजना के अर्न्तगत सहायक आचार्य से सह आचार्य व सह आचार्य से आचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु आयोजित चयन समितियों की सिफारिशें प्रस्तुत करने बारे।**

कार्यकारिणी परिषद् ने जीवनवृत उन्नति योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों में हुई चयन समिति की सिफारिशों को अनुमोदन प्रदान कियाः–

**1. जीवनवृत उन्नति योजना के अंर्तगत आचार्य (अंग्रेजी विभाग) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5**

डॉ0 रेखा शर्मा, सह–आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत दिनांक 23.05. 2013 से आचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

**2. जीवनवृत उन्नति योजना के अंर्तगत आचार्य (विधि विभाग) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5**

डॉ. ललित मोहन सिंह, सह–आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत दिनांक

28.01.2019 से आचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

**3. जीवनवृत उन्नति योजना के अंर्तगत सह–आचार्य, (राजनीति शास्त्र विभाग) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला–5**

डॉ. विकास सिंह, सहायक आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत दिनांक 22.06.2019 से सह–आचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

**4.जीवनवृत उन्नति योजना के अंर्तगत सह–आचार्य (राजनीति शास्त्र विभाग) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, धर्मशाला**

डॉ. संजीव कुमार बरागटा, सहायक आचार्य को जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत दिनांक 02.07.2019 से सह–आचार्य के पद पर पदोन्नति हेतु सिफारिश की गई।

कार्यकारिणी परिषद ने सर्वसम्मति से चयन समिति की उपरोक्त सिफारिशों का अनुमोदन किया।

**मद सं0 10:** **To place before the Executive Council, the matter of enhancement of rates of application processing fee from the candidates applying for the recruitment of various teaching & non-teaching posts in the University for consideration and approval.**

कार्यकारिणी परिषद् ने कुलपति द्वारा गठित समिति की अनुशंसा के अनुरूप विश्वविद्यालय में विभिन्न भर्ती हेतु आवेदन पत्र प्रसंस्करण फीस **(Application Processing Fee)** में बढ़ौतरी हेतु जारी अधिसूचना संख्या 3–38/96–HPU(Genl.) Vol.-III dated 18-12-2019 को अवलोकन कर अनुमोदित किया। तथापि परिषद् ने मामले पर प्रदेश सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप आरक्षित वर्ग व दिव्यांगजनों हेतु फीस नीति का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु कुलपति को अधिकृत किया।

**मद सं0 11:** **To place before the Executive Council the matter to avail the Scheme launched by the Ministry of Finance, Govt. of India named "Sabka Vishwas (Legacy Dispute Resolution) Scheme 2019" for one time settlement and liquidation of past disputes of Central Exise and Service Tax of Rs. 92,77,477/-**

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय द्वारा 'सबका विश्वास (Legacy Dispute Resolution) योजना, 2019 के अंतर्गत विश्वविद्यालय की शेष लम्बित CGST देनदारियों की एक मुश्त राशि रूपये 35,71,961.50 को अदा करने तथा पूर्व में रूपये 10,66,777.00 अदा की गई देनदारियों CGST को भी अपना अनुमोदन प्रदान किया।

इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संस्थान होने के नाते CGST के दायरे से भविष्य में छूट प्रदान करने हेतु मामला उच्च स्तर पर वित्त विभाग, भारत सरकार के साथ उठाने के निर्देश भी दिए ।

**मद सं0 12:** **To place before the Executive Council the recommendations of the committee constituted by the Executive Council with regard to implement 5% reservation in respect of disabled persons for M.Phil. and Ph.D.**

कार्यकारिणी परिषद् ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में एम0फिल / पीएच0डी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिव्यांग छात्रों के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रति वर्ष एक अतिरिक्त सीट (Supernumerary Seat) आरक्षित कर भरने और ऐसे विद्यार्थियों को शोध पर्यवेक्षक (Research Supervisor) को नियमानुसार निर्धारित सीटों में भी उसी अनुपात में वृद्धि करने हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की। हालांकि ऐसी कोई सीट खाली रहने की स्थिति में इसे अगले वर्ष के लिए आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। कार्यकारिणी परिषद् ने अध्यादेश के प्रावधानों में तदानुसार आवश्यक संशोधन हेतु भी अनुमोदन प्रदान किया। कार्यकारिणी परिषद ने उपरोक्त निर्णय को अकादमिक परिषद के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

**मद सं013:** **To place before the Executive Council the request of Kumari Poonam Chauhan, Assistant Professor, Department of Hindi, HPU, Shimla to create a special seat of Ph.D. in Hindi Department under University Teacher Category.**

कार्यकारिणी परिषद् ने कुमारी पूनम चौहान, सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग के पक्ष में हिन्दी विषय में पीएच.डी शोध हेतु एक अतिरिक्त सीट सृजन हेतु अनुमति प्रदान की तथा निर्णय लिया कि इसे भविष्य के लिए परम्परा न समझा जाए।

**मद सं0:14** **To place before the Executive Council the request of Mr. Sunil Kumar, Programmer in UIIT, HPU, Shimla for direct admission to Ph.D. in the Department of Computer Science.**

कार्यकारिणी परिषद् ने श्री सुनील कुमार, प्रोग्रामर, यू.आई.आई.टी. के पक्ष में कम्पयूटर विज्ञान विषय में पीएच0डी में प्रत्यक्ष प्रवेश हेतु अनुमति प्रदान की तथा यह भी निर्देश दिए कि इसे भविष्य में परंपरा न समझा जाए।

**मद सं0:15** **The matter regarding re-engaging the services of Sh. Ramesh Thakur, Retired Scientific Officer Gr.-I in the Department of Bio-Sciences, H.P.U Shimla-5, after retirement, for six months.**

कार्यकारिणी परिषद् ने सेवानिवृत्त श्री रमेश ठाकुर, तकनीकी अधिकारी, ग्रेड–I, जीव–विज्ञान विभाग के पक्ष में 06 माह की अवधि के लिए पुर्ननियुक्ति प्रदान करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

कार्यकारिणी परिषद् ने यह भी निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षकों की पुर्ननियुक्ति के लिए नीति–निर्धारण हेतु पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ व अन्य पड़ोसी विश्वविद्यालयों की नीति का परीक्षण कर मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाए।

**मद सं0 16:** **The matter regarding re-engagement of Sh. Jagat Ram, Retired Peon in the Department of Economics, H. P. University, Shimla, after retirement, for six months.**

कार्यकारिणी परिषद् ने सेवानिवृत्त श्री जगत राम, सेवादार, अर्थशास्त्र विभाग के पक्ष में 06 माह की अवधि के लिए पुर्ननियुक्ति प्रदान करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं 17:** **To place before the Executive Council the request of Dr. Daisy Verma, Assistant Professor (English) H.P. University Regional Centre, Dharamshala regarding extension of her posting in Department of English, H.P. University, Shimla for next three years.**

कार्यकारिणी परिषद् ने डॉ0 डेज़ी वर्मा, सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र, धर्मशाला की सेवाओं को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग में स्थानांतरण की अवधि को और एक वर्ष बढाने अथवा विभाग में नियमित'भर्ती, जो भी पहले हो, तक जारी रखने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

परिषद् ने उपरोक्त निर्णय अनुरूप श्री संजीव कुमार बरागटा, सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग, हि. प्र. विश्वविद्यालय क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र, धर्मशाला की सेवाओं को सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, दि–मॉल, शिमला में स्थानांतरण की अवधि को और एक वर्ष बढाने अथवा विभाग में नियमित भर्ती, जो पहले हो, तक जारी रखने को भी अनुमोदन प्रदान किया ।

**यथा स्थान मदें:–**

1. **The matter regarding those Sweepers who have been performing the duties of Peon, their designation be changed from Sweepers to that of Peons.**

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की सेवाओं को सेवादार के पद पर समायोजित करने हेतु पात्रता में एकमुश्त छूट प्रदान

करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया। हालांकि सफाई कर्मचारियों के ऐसे सभी रिक्त पदों को खत्म समझा जाएगा क्योंकि विश्वविद्यालय में सफाई का कार्य बाह्य स्त्रोतों से करवाया जा रहा है और सभी सफाई कर्मचारियों का समायोजन सेवादारों के रिक्त पदों पर किया जाएगा ।

**2. Payment of honorarium to the External Expert faculty for evaluation & conduct of viva-voce examination of M. Sc. students.**

कार्यकारिणी परिषद् ने एम0एस0सी0 पाठ्यक्रमों में बाह्य विषय विशेषज्ञों द्वारा शोध प्रबन्धों के मूल्यांकन, मौखिक परीक्षा इत्यादि हेतु मानदेय प्रदान करने के मामले के परीक्षण हेतु निम्नलिखित सदस्यों की समिति क गठन किया:–

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | अधिष्ठाता अध्ययन | अध्यक्ष |
| **2.** | अधिष्ठाता नियोजन एवं अध्यापक मामले | सदस्य |
| **3.** | आचार्य एस. एस., कंवर, माननीय सदस्य, कार्यकारिणी परिषद् | सदस्य |

**3. Regarding Secretariat Pay for Junior Office Assistant (IT)**

माननीय सदस्य श्री प्रेम राज, प्रतिनिधि गैर–शिक्षक कर्मचारी द्वारा कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आई0टी0) को सचिवालय भत्ता प्रदान करने का मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष उठाया जिस पर कार्यकारिणी परिषद् ने मामले का परीक्षण कर वित्त समिति में मद प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

अंत में कार्यकारिणी परिषद् के सदस्यों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र को परिषद् के समक्ष रखा गया जिस पर माननीय कुलपति महोदय ने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हित्त के मुददों के प्रति सदैव सजग रहता है और छात्रों द्वारा प्रस्तुत मांग–पत्र पर उचित कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर अमल में लाई जाएगी। हालांकि कुलपति ने विश्वविद्यालय छात्राओं की कॉमन–रूम सुविधा की मांग पर मामला महिला एवं कल्याण विभाग, भारत सरकार के साथ आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाने हेतु उठाने का आश्वासन दिया।

कुलपति महोदय ने कुछ महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर योग विषय को अगले शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ करने का भी आश्वासन दिया। कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय में Skill Development Centre खोलने हेतु प्रदेश सरकार के Skill Development केन्द्रों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक Skill Development कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया।

अन्त में बैठक पीठ को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

(घनश्याम चंद्र) हि०प्र०स०
कुलसचिव
सदस्य–सचिव

पुष्टिकरण

(आचार्य सिकन्दर कुमार)
कुलपति / सभापति